**सं-ई-11011/27/2019/हिंदी/141**

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग

केंद्रीय जल आयोग, हिंदी अनुभाग

906(द.), सेवा भवन

रामाकृष्णपुरम, नई दिल्ली - 66

दिनांक: 20 जुलाई, 2020

**विषय: केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 29 जून, 2020 को आयोजित 140वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर (मद संख्या-2) अनुवर्ती कार्रवाई करने के संबंध में।**

केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की दिनांक 29 जून, 2020 को हुई राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 140वीं बैठक में चर्चा के दौरान कुछ अधिकारियों ने कहा कि कंप्यूटर पर हिंदी में काम करने में कठिनाई होती है।

इस संबंध में यह कहना है कि आयोग के सभी कम्प्यूटरों पर हिंदी में काम करने के लिए इन-बिल्ट सुविधा उपलब्ध है, जिसे टास्क-बार में जाकर हिंदी क्लिक करके अंग्रेज़ी की-बोर्ड पर हिंदी टाइपिंग की जा सकती है (जैसे, AAP = आप, RAAM = राम)। साथ ही आयोग की वेबसाइट के डाउनलोड सेक्शन में भी कंप्यूटर पर हिंदी में काम करने संबंधी प्रक्रिया क्रम-वार दी गई है जिसका उपयोग किया जा सकता है ।

फिर भी, यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी को कंप्यूटर पर हिंदी में काम करने में असुविधा हो, तो हिंदी अनुभाग, बीपीएल नंबर 3720/ एसएमडी निदेशालय बीपीएल नंबर से संपर्क कर सकते है ।

20/7/2020

(रजिन्दर पॉल)

उप निदेशक (राजभाषा)

टेलीफ़ोन नं. 29583720

<u>केंद्रीय जल आयोग के सभी अधिकारी/कर्मचारी।</u>